भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4977** जिसका उत्तर

गुरूवार, **25 मार्च**, 2021/4 चैत्र, 1943 (शक) को दिया जाना है

नए कार्गो पत्तनों का निर्माण

†4977. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश विशेषकर तेलगांना में महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नए कार्गो के निर्माण का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रत्येक परियोजनाओं हेतु कोई सर्वेक्षण/कार्रवाई की गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक प्रत्येक परियोजनाओं हेतु स्वीकृत और खर्च की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को कोई मांग प्राप्त हुई है तथा यदि हां, तो इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और इसके लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) : भारत सरकार ने महाराष्ट्र में दहानु तालुका में वधावन में एक आधुनिक गहरे डुबाव वाले बारह-मासी पत्तन के विकास के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है जो भारतीय कार्गो के लिए हब पत्तन भी होगा। तेलंगाना के महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नए कार्गो पत्तन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख), (ग) और (घ) : सभी गैर-महापत्तन संबंधित राज्य समुद्री बोर्ड/राज्य सरकारों के क्षेत्राधिकार में है। तथापि, मंत्रालय सागरमाला कार्यक्रम के तहत, राज्य सरकार पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ वाली परियोजनाओं, सड़क और रेल परियोजनाओं, मत्स्यन हार्बरों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय मानक क्रूज टर्मिनल तथा रो-पैक्स फेरी सेवाओं आदि जैसी अनूठी और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। निधियों के उपयोग के साथ-साथ सागरमाला के तहत शुरु की जाने वाली परियोजनाओं के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

अनुबंध - I

राज्य का नाम	पत्तन आधुनिकीकरण	पत्तन संपर्कता	तटीय सामुदायिक विकास
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	7	-	-
आंध्र प्रदेश	2	2	4
दमन और दीव	2	-	-
गोवा	2	2	-
गुजरात	3	-	4
कर्नाटक	4	-	5
केरल	3	-	3
महाराष्ट्र	26	3	8
ओडिशा	-		2
पुडुचेरी	1	-	-
तमिलनाडु	8	1	7
पश्चिम बंगाल	-	6	1

सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत उपयोग में लाई जाने वाली निधियां

वर्ष	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**
व्यय (करोड़ रुपए में)	479.07	360.09	376.89

*****